B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC TEST 1
HINDI 085
SET 1

Class : VIII
Date : 11.06.2026

Duration : 1 Hrs
Max. Marks: 25

Admission No.: Roll No.:

(खंड क अपठित बोध)

प्रश्न 1निम्न गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (7)

युद्ध किसी भी देश और समाज के लिए विनाश का कारण बनता है जब दो देशों के बीच मतभेद बातचीत से नहीं सुलझते तो युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है युद्ध का परिणाम केवल सैनिकों की मृत्यु तक सीमित नहीं रहता बल्कि इससे आम नागरिकों का जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है घर उजड़ जाते हैं बच्चे अनाथ हो जाते हैं और समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बन जाता है इतिहास में प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध जैसे अनेक युद्ध हुए हैं जिन्होंने लाखों लोगों की जान ली और पूरे विश्व की शांति को भंग कर दिया आज के युग में युद्ध और भी खतरनाक हो गया है क्योंकि अब देश परमाणु और रासायनिक हथियारों से लैस है जिसे पूरी मानवता को खतरा है इसलिए आवश्यक है कि सभी देश आपसी विवादों को बातचीत और समझदारी से सुलझाएं युद्ध की अपेक्षा शांति और सहयोग का मार्ग अपनाया जाए शिक्षा संवाद और आपसी सम्मान से ही स्थाई समाधान संभव है यदि मानवता को बचाना है तो युद्ध नहीं बल्कि शांति को अपनाना होगा तभी हम एक सुरक्षित और सुंदर विश्व की कल्पना कर सकते हैं क) निम्नलिखित कथन A और कारण R पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

क) कथन (A) आज के युग में युद्ध अत्यधिक खतरनाक हो गया है।

कारण (R) क्योंकि अब देश परमाणु और रासायनिक हथियारों से लैस है।

1 कथन सही है लेकिन कारण गलत है

2 कथन और कारण दोनों सही है।

3 कथन गलत है और कारण सही है

4 कथन और कारण दोनों गलत है ।

ख) प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ा ?

1 वैज्ञानिक विकास हुआ

2 देश में एकता आई

3 लाखों लोगों की मृत्यु और विश्व शांति का भंग होना 4 व्यापार में वृद्धि हुई

ग) युद्ध की तुलना में शांति की स्थापना का सबसे बड़ा लाभ किसे प्राप्त होता है?

1 केवल सैनिकों को

2 केवल सरकारों को

3 आम नागरिकों और समाज को

4) हथियार कंपनी को

घ युद्ध का समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ड.)युद्ध से बचने के लिए अन्य क्या उपाय हो सकते हैं?

(खंड ख व्यावहारिक व्याकरण)

2 निर्देशानुसार निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

1 समूहवाचक संज्ञा की परिभाषा लिखिए |
2 सर्वनाम किसके स्थान पर प्रयुक्त होता है |
3 सर्वनाम के भेद के नाम लिखिए |
4 तालाब में बहुत सुंदर कमल खिला है |(प्रविशेषण छाँटकर लिखिए)
5 कुसुम लाल साड़ी पहनकर आई है | (विशेषण तथा विशेष्य छाँटकर लिखिए)
6 रमेश पतंग उड़ा रहा है| (क्रिया छाँटकर लिखिए)

(खंड ग प्रश्नोतर)

3 निम्न प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए | (6)

1 मानव का कल्याण इस कविता में कवि ने क्या-क्या करने को कहा है ?
2 निर्वाण की राहें कैसे मिल सकती हैं?
3 इस कविता का मूल्य क्या है?

4 निम्नलिखित संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (5)

विज्ञान के बढ़ते चरण

संकेत बिंदु

- विज्ञान का अर्थ
- उपलब्धियां के लाभ व हानियां
- उपसंहार